

## खंडवा-मूंदी मार्ग के लिए विधायक तनवे की मुख्यमंत्री से भेंट

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने मंगलवार को खंडवा-मुंदी मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से पुनः भेंट की। विधायक तनवे ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में है, जिससे आम नागरिकों, किसानों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मार्ग के शीघ्र नवीनीकरण हेतु नवीन सड़क की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।

## जिला उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** श्री रायचंद नागड़ा शासकीय जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में सत्र 2026-27 में कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 8 फरवरी रविवार को किया जावेगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री भूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि खंडवा जिले के ऐसे सभी परीक्षार्थी जिन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय या मॉडल स्कूल चयन परीक्षा 2026-27 हेतु अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जमा किये थे, वे सभी वेबसाइट www.mpsos.nic.in से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर 8 फरवरी रविवार को निर्धारित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

## जिला जल एवं स्वच्छता की समीक्षा बैठक 5 फरवरी को

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जल जीवन मिशन के तहत खण्डवा जिले में स्वीकृत नल जल योजनाओं की पुनरीक्षित स्वीकृति तथा कुछ नई योजनाओं की स्वीकृति के उद्देश्य से जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 5 फरवरी को आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वर्षा शिवपुरे ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति की यह बैठक दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

## बाल संरक्षण के सशक्त संकल्प के साथ इंदौर पहुंचे प्रवीण शर्मा



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** बाल अधिकारों की रक्षा और संरक्षण सशक्त बनाने के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा इंदौर पहुंचे। वे सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, इंदौर में आयोजित 13 दिवसीय आवासीय इंडक्शन प्रशिक्षण में सहभागिता करेंगे। यह प्रशिक्षण किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत छत्तीसगढ़, गुजरात एवं मध्यप्रदेश राज्यों की बाल कल्याण समितियों के नवनियुक्त अध्यक्षों एवं सदस्यों के लिए मिशन वात्सल्य के तहत आयोजित किया जा रहा है।

## विशेष अभियान में खंडवा पुलिस को बड़ी सफलता

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा पुलिस द्वारा माह जनवरी 2026 में गुम इंसान मामलों एवं लंबित स्थाई वारंटों की तामीली के लिए चलाए गए विशेष अभियान में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चले इस अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 437 गुम इंसानों को दस्तयाब किया, जिनमें 340 महिलाएं एवं 97 पुरुष शामिल हैं। साथ ही 62 स्थाई वारंटों की तामीली भी की गई।

यह अभियान पुलिस महानिरीक्षक, इंदौर (ग्रामीण) के आदेश पर, आईजी ग्रामीण जोन इंदौर श्री अनुराग के निर्देशन एवं डीआईजी निमाड़ रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान में साइबर सेल, तकनीकी संसाधनों एवं मुखबिर तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गुम इंसानों को सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया, जिससे परिवारों में राहत का माहौल बना। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी गुमशुदगी या अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# कोल्ड ड्रिंक के सैंपल फेल, 34 हजार यूनिट जब्त

## खाद्य विभाग की जांच में खुली पोल, अब कोर्ट जाने की तैयारी

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** गर्मी की दस्तक के साथ ही आपके बच्चों के हाथों में जो सस्ती और रंग-बिरंगी कोल्ड ड्रिंक दिखाई दे रही है, वह ठंडक नहीं बल्कि बीमारी परोस रही है। शहर के सिंधी कॉलोनी में चल रही एक कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री में बच्चों की सेहत के साथ हो रहे खिलवाड़ का पर्दाफाश हुआ है। खाद्य विभाग की जांच में इस फैक्ट्री से लिए गए सभी 6 सैंपल फेल हो गए हैं। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामला न्यायालय में दर्ज करने की तैयारी कर ली है।

**जांच रिपोर्ट ने उड़ाए होश- जूस के नाम पर केवल केमिकल**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सिंधी कॉलोनी, गली नंबर-5 स्थित खंडवा किराना पर छापा मारा था। यहाँ से बच्चों द्वारा बड़े चाव से पी जाने वाली कोल्ड ड्रिंक के 6 नमूने लिए गए थे। भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला से 6 जनवरी 2026 को आई फाइनल रिपोर्ट चौंकाने वाली थी जांच के लिए भेजे गए सभी 6 नमूने (मैंगो माजा, ऑरेंज माजा, बालाजी पेप्सी, लवली पेप्सी आदि) मानकों पर खरे नहीं उतरे। रिपोर्ट में 4 नमूने अमानक पाए गए, यानी उनमें जरूरी खाद्य तत्व थे ही नहीं। वहीं, 2 नमूने मिथ्या छाप श्रेणी के मिले, जिसका अर्थ है कि पैकेट पर जो लिखा था, अंदर उससे अलग और हानिकारक सामग्री थी।

कार्रवाई के दौरान सुपरवाइजर सनी कोगे की मौजूदगी में टीम ने मौके से 34,716 यूनिट कोल्ड ड्रिंक जब्त की जिसकी बाजार कीमत करीब 62,000 रुपए आंकी गई है। आंकड़ा बताता है कि कोल्डड्रिंक्स के नाम पर मीठा जहर कितने बड़े पैमाने पर शहर की किराना दुकानों के जरिए बच्चों तक पहुँचाया जा रहा था।

**प्रक्रिया पूरी, अब कोर्ट करेगा फैसला :** विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक, कार्रवाई 3 मार्च 2025 को हुई थी, जिसकी प्रारंभिक रिपोर्ट 9 मार्च को आई। अब 6 जनवरी 2026 को फाइनल लैब रिपोर्ट आने के बाद यह पुष्टि हो गई है कि यह सामग्री मानव उपभोग, विशेषकर बच्चों के लिए सुरक्षित नहीं थी। विभाग अब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालक के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर कर रहा है, जहाँ दोषी पाए जाने पर भारी जुर्माने और सजा का प्रावधान है।

**अभिभावक सावधान- 2-5 के लालच में न फंसे :** बाजार में बिकने वाली स्थानीय और सस्ती कोल्ड ड्रिंक में अक्सर फलों के रस की जगह कृत्रिम मिठास, सिंथेटिक रंग और हानिकारक एसेंस का उपयोग होता है। इससे बच्चों में पेट के रोग, दांत खराब होना, और लंबे समय में लिवर-किडनी पर बुरा असर पड़ सकता है।

### जिम्मेदार बोल...

● बच्चों की सेहत के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। उक्त फर्म के सभी सैंपल जांच में फेल हुए हैं। यह गंभीर लापरवाही है। हम नियमानुसार प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत कर रहे हैं। शहर में ऐसे अन्य निर्माताओं पर भी हमारी नजर है, अमानक खाद्य पदार्थ बनाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**संजीव मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खंडवा**

# ओंकारेश्वर से गुजरात तक दौड़ेगा क्रूज, कुक्षी में टर्मिनल का काम युद्धस्तर पर जारी

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** मध्य प्रदेश और गुजरात के पर्यटन मानचित्र पर एक ऐतिहासिक लकीर खींचने की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब वह दिन दूर नहीं जब सैलानी ओंकारेश्वर के पवित्र तीर्थ अद्वैतधाम से गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी तक का सफर सड़क के रास्ते नहीं, बल्कि मां नर्मदा की लहरों पर शाही क्रूज में बैठकर तय करेंगे। 130 किलोमीटर लंबे इस जलमार्ग पर क्रूज चलाने के लिए मध्य प्रदेश और गुजरात सरकार के बीच एक अहम समझौता हो चुका है, जिसने अब धरातल पर आकार लेना शुरू कर दिया है। इस महत्वकांक्षी परियोजना के तहत धार जिले के कुक्षी में फ्लोटिंग जेटी टर्मिनल यानी क्रूज के ठहरने के अड्डे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने खंडवा में इस योजना का खुलासा करते हुए बताया कि यह जल यात्रा दो महान विभूतियों के विचारों को जोड़ने वाला सेतु बनेगी। एक ओर ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची स्टैचू ऑफ वननेस है, तो दूसरी ओर गुजरात में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 182 मीटर ऊंची विशालकाय प्रतिमा। क्रूज के जरिए पर्यटक इन दोनों महापुरुषों के दर्शन के साथ-साथ रास्ते में महेश्वर के ऐतिहासिक घाट, मांडू की वास्तुकला और सरदार सरोवर बांध के विहंगम दृश्यों का भी आनंद ले सकेंगे। इसे बॉम्बे-टू-गोवा की तर्ज पर मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जल पर्यटन प्रोजेक्ट माना जा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने इस परियोजना को डबल इंजन सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के भक्त अभी तक नदी के किनारों पर परिक्रमा करते थे, लेकिन अब वे मां की गोद में बैठकर ओंकारेश्वर से गुजरात तक की यात्रा कर सकेंगे। कुल मिलाकर, ओंकारेश्वर से केवड़िया के बीच शुरू होने वाला यह क्रूज भारत की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक पर्यटन के संगम का एक बेमिसाल उदाहरण साबित होगा।



## परियोजना की महिला खिलाड़ियों ने क्रिकेट में लहराया परचम

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद एवं म.प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित अंतरक्षेत्रीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया गया। यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर रीजन, जबलपुर कॉर्पोरेट, इंदौर रीजन एवं सिंगाजी रीजन की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में लगभग 60 महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में सिंगाजी पॉवर परियोजना की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया।

टीम की सफलता में कप्तान चित्रलेखा वरकड़े के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों का सराहनीय योगदान रहा। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को कोच अशोक कुशवाह एवं खेल सचिव शैलेश चौहान का प्रभावी मार्गदर्शन मिला। उल्लेखनीय है कि टीम की कुछ खिलाड़ियों का चयन उनके-अपने खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है, जो परियोजना के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि पर मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** ग्राम सरई में आयोजित पारंपरिक छकड़ा रेस प्रतियोगिता में विधायक कंचन मुकेश तनवे शामिल हुईं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। विधायक तनवे ने कहा कि छकड़ा रेस हमारी ग्रामीण संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण परंपराएं जीवित रहती हैं और पशुपालन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण समाज में उत्साह, आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिला महामंत्री राजपाल सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष श्याम फूलमाली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## शासकीय राशि डकारने वाले पूर्व सरपंच, सचिवों का गिरफ्तारी वारंट जारी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला प्रशासन ने पंचायतों में निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय राशि का गबन करने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने जनपद पंचायत पंधाना और खालवा के तत्कालीन सरपंच व सचिवों द्वारा लाखों रुपये की वसूली जमा न करने पर उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। मामला पंधाना जनपद पंचायत का है, जहाँ ग्राम पंचायत गुड़ीखेड़ा और गोड़वाड़ी में तत्कालीन सचिव कोमलराम सांगुले ने गंभीर वित्तीय अनियमितता की। सचिव ने गुड़ीखेड़ा में श्मशान घाट की बाउंड्रीवॉल और गोड़वाड़ी में सीसी रोड व नाली निर्माण के नाम पर क्रमशः 2 लाख 98 हजार 500 रुपये और 1 लाख 500 रुपये की राशि आहरित कर ली, लेकिन मौके पर कार्य ही नहीं कराया। म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम धारा 92 के तहत सचिव की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है। इसी तरह की कार्रवाई खालवा विकासखंड की ग्राम पंचायत कुंदईमाल के जिम्मेदारों पर भी की गई है। यहाँ वर्ष 2019-20 में सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत 3 लाख 64 हजार 730 रुपये की राशि तत्कालीन सचिव योगेश पटेल और तत्कालीन सरपंच मनुकाबाई ने आहरित कर ली थी, किंतु सड़क का निर्माण नहीं कराया। इस मामले में भी धारा 89 के तहत वसूली का आदेश पारित किया गया था। राशि जमा न करने और आदेश की अवहेलना करने पर सीईओ डॉ. गौड़ा ने सरपंच और सचिव दोनों के खिलाफ जेल वारंट जारी कर दिया है।



## जनसुनवाई : दिव्यांग अजय और श्याम को मौके पर ही उपलब्ध कराई व्हीलचेयर, पेंशन भी तत्काल मंजूर

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जिला प्रशासन की जनसुनवाई आमजन के लिए उम्मीद की किरण साबित हो रही है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न केवल लोगों की समस्याएं सुनीं, बल्कि मौके पर ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया।

जनसुनवाई में रनगांव निवासी दिव्यांग श्याम पिता राजेंद्र सिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वे 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उन्हें न तो पेंशन मिल रही थी और न ही उनके पास चलने-फिरने के लिए व्हीलचेयर थी। कलेक्टर श्री गुप्ता जनसुनवाई के दौरान ही श्याम सिंह को व्हीलचेयर उपलब्ध करा कर मासिक पेंशन भी स्वीकृत कर दी गई। इसी तरह, ग्राम अमोदा से आई एक महिला ने अपने मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बेटे अजय के लिए सीपी चेयर की गुहार लगाई। कलेक्टर के निर्देश पर विभाग ने तत्काल व्यवस्था कर अजय को सीपी चेयर प्रदान की। पुराने बस स्टैंड से विस्थापित किए गए मछली विक्रेताओं ने रोजी-रोटी का संकट बताया। कलेक्टर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि मछली विक्रेताओं की समस्या का त्वरित और उचित निराकरण किया जाए। गिरजा बाई पति स्व. त्रिलोकचंद्र, पूर्व पंचायत सचिव ने अनुकंपा नियुक्ति हेतु आवेदन दिया। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदिका की पात्रता का परीक्षण कर जल्द नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम बांगरदा के ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क में नाली निर्माण न होने से जलभराव की समस्या जताई। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को नाली निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। टेमीकला के पन्नालाल और देवराम पंवार ने खेत तक जाने के लिए रास्ता न होने की समस्या रखी। इस पर जिला पंचायत सीईओ को सुदूर सड़क योजना या मनरेगा के तहत खेत सड़क बनाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

## निमाड़ ताइक्कांडो क्लब के चार खिलाड़ियों ने प्राप्त की ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन उपाधि

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** निमाड़ ताइक्कांडो क्लब के चार होनहार खिलाड़ियों—लाइबा खान, अनन्या सोनी, मिशिका हुमर, ऋषि भोरगे एवं वेदांश श्रीमाली—ने दक्षिण कोरिया स्थित कुकियोन (विश्व ताइक्कांडो मुख्यालय) से ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन की उपाधि प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की निरंतर साधना, कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन के साथ-साथ प्रशिक्षक मुगीस खान के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इंडिया ताइक्कांडो से मान्यता प्राप्त निमाड़ ताइक्कांडो क्लब पिछले 30 वर्षों से ताइक्कांडो के क्षेत्र में सक्रिय है और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का निर्माण कर रहा है। क्लब के खिलाड़ी राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं, जिसमें वियतनाम, नेपाल, थाईलैंड और भूटान जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी सफलता शामिल है।

अब तक क्लब द्वारा लगभग 150 ब्लैक बेल्ट धारक और 100 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा चुके हैं। इस उपलब्धि पर क्लब संरक्षक और खेल प्रेमियों में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर मोहन काशिव, शुभम जैन, सुनील जैन, नागेश वालान्जकर, तजमुल कुरैशी, विजय पालीवाल, विकास मोहे सहित अन्य गणमान्यजन खिलाड़ियों को बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## जिला अस्पताल में फिजियोथैरेपी सुविधा प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला अस्पताल में फिजियोथैरेपी यूनिट को पुरानी बिल्डिंग में जिरियाट्रिक वार्ड के समीप शिफ्ट कर संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में फिजियोथैरेपी का महत्व तेजी से बढ़ा है, जो शरीर के जोड़ों, हड्डियों के साथ-साथ मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखने में सहायक है।

उन्होंने जानकारी दी कि जिला अस्पताल में वृद्धजनों एवं गरीब परिवारों के मरीजों को यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जबकि अन्य मरीजों से मात्र 50 रुपये शुल्क लिया जा रहा है। बीते 10 महीनों में लगभग 6500 मरीज इस फिजियोथैरेपी सेवा का लाभ ले चुके हैं।

मंगलवार को फिजियोथैरेपी कराने आए मरीज सतीश तिरोले, मोहम्मद यूसुफ, शेख मुस्ताक, आवेश खान, अदिति पाल एवं मनोज कुमार ने जिला अस्पताल की फिजियोथैरेपी यूनिट की व्यवस्थाओं की सराहना की।